बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–04/2018

1 बिहार विधान सभा सचिवालय के विज्ञापन सं०–04/2018 के अन्तर्गत *(i)* **पुस्तकालय परिचारी** *(ii)* **क्रमपंत्र वितरक** *(iii)* **कार्यालय परिचारी** *(iv)* **कार्यालय परिचारी (दरबान)** *(v)* **कार्यालय परिचारी (सफाईकर्मी)**, *(vi)* **कार्यालय परिचारी (माली)** एवं *(vii)* **कार्यालय परिचारी (फर्राश)** के पदों पर भर्त्ती हेतु **साक्षात्कार** दिनांक 11.09.2019 से सभा सचिवालय के **एनेक्सी भवन** में प्रारम्भ होगा।

2 साक्षात्कार ऑनलाईन इन्टरव्यू स्लॉट बुकिंग सिस्टम द्वारा होगा, जिसके माध्यम से अभ्यर्थी अपने सुविधानुसार साक्षात्कार के लिए तिथि एवं समय का चयन कर सकते हैं।

3 ऑनलाईन इन्टरव्यू स्लॉट बुकिंग सिस्टम का लिंक बिहार विधान सभा की वेबसाईट **www.vidhansabha.bih.nic.in** पर दिनांक 22.08.2019 (11:00 बजे पूर्वाह्न) से 02.09.2019 (05:00 बजे अपराह्न) तक उपलब्ध रहेगा।

4 सर्वप्रथम अभ्यर्थी अपना **Application No.** एवं **Date of Birth** के द्वारा लॉग–इन कर साक्षात्कार के लिए तिथि एवं समय डालकर स्लॉट बुक करेंगे। **स्लॉट बुक करने की प्रक्रिया के उपरांत हीं अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।**

5 अभ्यर्थी दिनांक 11.09.2019 तक अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

<u>आवेदकों को डाक से (By Post) प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा</u> ।

6 **एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आवेदित पदों के लिए अपनी प्राथमिकता दर्ज करना अनिवार्य होगा, जिसके लिए दिनांक 03.09.2019 से बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाईट पर अलग से लिंक जारी किया जायेगा। निर्धारित अवधि में प्राथमिकता दर्ज नहीं किये जाने की स्थिति में सभा सचिवालय द्वारा प्राथमिकता निर्धारित की जायेगी।**

7 प्रवेश–पत्र पर साक्षात्कार की तिथि, समय एवं अन्य निर्देश अंकित रहेगा। आवेदक प्रवेश–पत्र पर अंकित अनुदेश का अध्ययन कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

8 आवेदकों को उक्त स्थल पर तलाशी (Frisking) की प्रक्रिया से गुजरना होगा ।

9 आवेदक अपनी उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज करेंगे अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा।

10 यदि किसी आवेदक को प्रवेश–पत्र डाउनलोड होने में कठिनाई हो रहा हो तो वे अपना ऑनलाईन आवेदन की प्रति संलग्न कर Email Id-blas.recruitment@gmail.com अथवा मोबाईल संख्या–9606094761 पर संपर्क कर सकते हैं।

11 आवेदक प्रवेश पत्र के साथ निम्नांकित कागजात की मूल प्रति एवं एक स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होंगे:–

(क) आवेदन प्रपत्र जिसे ऑनलाईन आवेदन करते समय डाउनलोड किया गया था।

(ख) वर्त्तमान में मान्य फोटो पहचान पत्र यथा आधार कार्ड/वोटर आई.डी. कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पैन कार्ड/सरकारी कार्यालय/विभाग आदि द्वारा निर्गत पहचान पत्र।

12 प्रवेश–पत्र पूर्णतः औपबंधिक है। प्रवेश–पत्र निर्गत होने से आवेदक की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। आपके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं दी गई सूचना तथा उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर आपकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

13 **जो आवेदक साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं होंगे अथवा वांछित कागजात प्रस्तुत नहीं करेंगे उन्हें अलग से समय नहीं दिया जायेगा तथा उनकी उम्मीदवारी समाप्त करने पर सभा सचिवालय निर्णय ले सकता है।**

कोई भी व्यक्ति चाहे वह सरकारी अथवा गैर सरकारी वाह्य व्यक्ति हों बिहार विधान सभा सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या–0612–2215709 तथा ई–मेल: secretarybvs@gmail.com पर सूचित करें। ऐसे किसी तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अवेदक की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

20/08/19
सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।